# उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक देश को सभी क्षेत्रों में विकास के शिखर पर ले जाने में सहायक : प्राचार्या

जागरण संवाददाता, सिरसा : एमके नेशनल महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तहत जियो टू 5 जी टीम द्वारा वर्कशॉप आयोजित की गई।

वर्कशॉप में हितेष, अनिल मदान व अमित ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को जियो टू 5जी की परिवर्तनकारी तकनीकों और इससे जुड़े लाभों से अवगत कराया।



वर्कशाप में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजक। • विज्ञप्ति


इस अवसर पर करियर गाइडेंस सेल की संयोजिका डा. अनु कथूरिया व सह-संयोजिका डा. दीपिका शर्मा ने बताया कि जियो टीम द्वारा प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए तथा सीएमके महाविद्यालय को 5 जी सेवाओं से लैस हरियाणा का दूसरा महाविद्यालय घोषित किया गया। प्राचार्या ने कहा कि आज के डिजिटल समय में ऐसी ही उच्च गुणवत्ता वाली तकनीक की आवश्यकता है जो देश को सभी क्षेत्रों में विकास एवं प्रगति के शिखर पर ले जाने में सहायक हो। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य युवाओं को बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रभावी संवाद कला के साथ चुनौतीपूर्ण व्यवसायिक परिवेश का सामना करने संबंधी जानकारी प्रदान करना है। जियो अपनी टू 5जी पहुंच का विस्तार तीव्र गति से करते हुए देश के एक बड़े हिस्से में पहले ही हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस रोल आउट कर चुके हैं।

तृतीय हरियाणा गर्ल्ज बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल धर्मेंद्र सिंह मलिक ने भी विद्यार्थियों को एनसीसी के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बल की ऐसी शाखा है जो भारतीय युवाओं को जल, थल और वायु सेना के भर्ती होने में बहुत मदद करत[illegible]

दैनिक जागरण 1/9/23

CS CamScanner

# एनसीसी कैडेट्स ने दिया वसुधेव कुटुम्बकम् का संदेश




वाद-विवाद स्पर्धा में भाग लेती एनसीसी कैडेट्स। ● विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, सिरसा :** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वसुधेव कुटुम्बकम् विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। सीटीओ डा. रमा सर्राफ ने कार्यक्रम की शुरुआत में पीपीटी प्रेजेंटेशन दी। प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर ने कहा कि मूलत: वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा की संकल्पना भारतवर्ष के प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य था- पृथ्वी पर मानवता का विकास। वर्तमान संदर्भ में भी इसी विचार को वैश्विक स्तर पर अपनाने की आवश्यकता है कि पूरी पृथ्वी ही एक परिवार है और इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी मनुष्य और जीव-जन्तु एक ही परिवार का हिस्सा है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए जी 20 सम्मेलन पर अपनी राय व्यक्त की तथा चार्ट व पोस्टर भी बनाए। कार्यक्रम का समापन वसुधेव कुटुम्बकम् के महत्व पर एक सुंदर कविता पाठ से हुआ।

दैनिक जागरण 10/9/23

CamScanner

**CMK National PG College, Sirsa**
(Affiliated to Chaudhary Devi Lal University, Sirsa)
Managed by: Sirsa Education Society, Sirsa

Allowed

Date: 11/09/2023

A proposal to organize a three-day National workshop on *"Enhance Your Academic Writing Skills with Advanced Features of MS Word"*

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Activity | National Workshop |
| 2. | Topic of the Workshop | *Enhance Your Academic Writing Skills with Advanced Features of MS Word* |
| 3. | Expert Name & Address | Prof. Dinesh K. Gupta<br>Dept. of Lib. & Inf. Sc.,<br>Kurukshetra University,<br>Kurukshetra, Haryana (India) |
| 4. | Proposed Month/Time | 30th September to 2nd October, 2023 |
| 5. | Duration | Three Day |
| 6. | Mode | Online/Virtual |
| 7. | Department | CMKNPG College Library in collaboration with the Research & Development Cell of the College |
| 8. | Name & Designation of Convenor/Organizing Secretary | Dr. Veerbala Sharma<br>Librarian |
| 9. | Designation of Official Empowered to Receive Funds/Fees | Principal,<br>CMK National PG College, Sirsa<br>Haryana (India) |
| 10. | Fees | Rs. 600/- |
| 11. | Distribution of Funds/Fees between Expert and Institution | 75:25 (75% of the fee collected from the participants can be given to the Expert and 25% of the fees can be retained by the college. |
| 12. | Certificates | e-Certificates will be issued to the participants. |

13. A complete brochure will be released after the permission with all details.

Signature of Applicant
Dr. Veerbala Sharma
*(Librarian)*

CamScanner

# समान नागरिक संहिता विषय पर विद्यार्थियों ने किया मंथन

संवाद न्यूज एजेंसी

सिरसा। सीएमके स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिरसा के सभागार में शनिवार को राजनीति विज्ञान विभाग ने समान नागरिक संहिता विषय पर सामूहिक वार्तालाप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या रंजना ग्रोवर ने कहा कि मुख्य विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। वार्तालाप में स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखी। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. सरोज गोयल ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. सरवन



सीएमके कॉलेज में समान नागरिक संहिता विषय पर सामूहिक वार्तालाप के दौरान शिक्षिका व विद्यार्थी। स्रोत : कॉलेज

कंबोज, नीलम रानी, डॉ. रचना कंबोज, अनीता सिंह को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संवाद

अमर उजाला 17/9/23

CS CamScanner

# सीएमके में हुआ विस्तार व्याख्यान



सिरसा (समरघोष)। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने बुधवार को विस्तार व्याख्यान तथा वाद-विवाद का आयोजन किया जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर सहभागिता की। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि विभागीय गतिविधियों से विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल व आत्मविश्वास का संवर्द्धन होता है। साथ ही इनसे एकाग्रता, मौलिक चिंतन, ज्ञानवर्धन और तर्कशक्ति भी विकसित होती है। विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि एक सैटेलाइट चैनल के संवाददाता सुरेंद्र छाबड़ा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को वीडियो मेकिंग और संपादन की बारीकियों से अवगत कराया तथा अपने व्यवहारिक अनुभवों को भी साझा किया। वहीं सांप्रदायिक हिंसा के दौरान सोशल मीडिया की भूमिका और वर्तमान राजनैतिक परिप्रेक्ष्य के प्रति युवाओं का दृष्टिकोण विषयों पर विद्यार्थियों ने वाद-विवाद किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने विषय के दोनों पक्षों पर संचार की गरिमा को बनाए रखते हुए एक दूसरे को चुनौती दी और अपने अपने पक्ष का समर्थन करने के लिए ठोस तर्क प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विभाग के सहायक प्रवक्ता राजेश कुमार व ललित पोपली भी मौजूद थे।

समरघोष 20/9/23

# बच्चों को वीडियो मेकिंग के बारे में दी जानकारी



विद्यार्थियों को वीडियो मेकिंग की बारीकियों से अवगत करवाते सुरेंद्र छाबड़ा।

**भास्कर न्यूज | सिरसा**

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जन-संचार विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान तथा वाद- विवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर सहभागिता की।इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर ने कहा कि विभागीय गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक कौशल व आत्मविश्वास का संवर्द्धन होता है। साथ ही इनसे एकाग्रता, मौलिक चिंतन, ज्ञानवर्धन और तर्क-शक्ति भी विकसित होती है। विभागाध्यक्ष डॉ दीपिका शर्मा ने बताया कि संवाददाता सुरेंद्र छाबड़ा ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को वीडियो मेकिंग और संपादन की बारीकियों से अवगत कराया तथा अपने व्यावहारिक अनुभवों को भी साझा किया। वहीं सांप्रदायिक हिंसा के दौरान सोशल मीडिया की भूमिका और वर्तमान राजनैतिक परिप्रेक्ष्य के प्रति युवाओं का दृष्टिकोण विषयों पर विद्यार्थियों ने वाद- विवाद किया।

दैनिक भास्कर 21/1/23

CamScanner

# खुश होकर काम करोगे तो सफलता अवश्य ही मिलेगी: मेजर आकांक्षा



सीएमके कॉलेज में एनसीसी के रैंक सेरेमनी कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को बैज लगाकर सम्मानित करते मुख्यतिथी।

**भास्कर न्यूज | सिरसा**

किसी भी काम को खुशी के लिए नहीं, खुश होकर करोगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। एनसीसी बहुत कुछ सिखाती है, बस सीखने की ललक होनी चाहिए। उक्त बातें प्रशासनिक अधिकारी 3 हरियाणा एनसीसी बटालियन हिसार से आई मेजर आकांक्षा ने सीएमके कॉलेज में एनसीसी के रैंक सेरेमनी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कही। कॉलेज चेयरमैन अरविंद बांसल, प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर, बहबलपुर कॉलेज से पहुंची लेफ्टिनेंट मनीता ने सर्वप्रथम मुख्यातिथि के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मेजर आकांक्षा ने कहा कि उन्हें यहां आकर बड़ी खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है और ये अपनी मेहनत व टीचर की मदद से बहुत आगे जाएंगे। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स से आह्वान किया कि वे सभी कैंपों में बढ़ चढ़कर भाग लें और सफलता हासिल करें। बहबलपुर कॉलेज से आई लेफ्टिनेंट मनीता ने कहा कि सीएमके कॉलेज का हर शिविर में बेहतर योगदान होता है। बिना परिश्रम के कुछ नहीं होता। उन्होंने कहा कि एनसीसी में अनुशासन के साथ-साथ सीखने के लिए बहुत कुछ है, ये आप पर निर्भर करता है आप क्या सीखना चाहते हैं।

दैनिक भास्कर 12/10/23

CamScanner

सलाह

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में विस्तार व्याख्यान का आयोजन

# जीवन में खुश रहने के लिए एकाग्रता जरूरी : बीके हरगोबिंद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आध्यात्मिक क्लब की ओर से जीवन में खुश रहने के टिप्स संबंधी विषय पर वीरवार को विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से विशेष रूप से पधारे भाई बीके हरगोबिंद ने कहा कि जीवन में खुश रहने के लिए एकाग्रता का होना बहुत जरूरी है। आज हमारी एकाग्रता को भंग करने में सबसे बड़ा हाथ मोबाइल का है।




सिरसा में बीके हरगोबिंद को पौधा देकर सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन। स्रोतः स्कूल

कार्यक्रम की संयोजिका बबीता मल्होत्रा व सहयोगी प्रवक्ता शालू मेहता रहीं। विस्तार व्याख्यान के शुभारंभ पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि वर्तमान की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में इंसान अपने रिश्ते नातों को भूलता जा रहा है। विकास की इस अंधी दौड़ में सभी आगे निकल रहे हैं लेकिन मानवीय संवेदनाएं खत्म होती जा रही हैं। अतः सहज और सरल तरीके से इस जीवन को जीना चाहिए तभी इंसान खुश रह सकता है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए बीके हरगोबिंद ने कहा कि जीवन में खुश रहने के लिए आत्मा, बाबा और बाईपास, कनेक्शन, डिलीट और ईजी यह पांच चाबियां हैं, जो इंसान इन पांच चाबियां को जीवन में धारण कर लेता है वह हमेशा खुश रहता हैं। आत्मा निराकार है और यह ज्योति रूप में हमारे शरीर के अंदर विराजमान है इसलिए उसकी पहचान जरूरी है। परमात्मा का नाम लेने से ही आत्मा को शक्ति मिलती है इसलिए हर रोज सुबह 10 मिनट अवश्य परमात्मा का नाम लेना चाहिए। इस मौके पर ब्रह्म कुमारी बहन कमल ने भी इंसान को अपना कनेक्शन सीधा परमात्मा के साथ जोड़ते हुए जीवन में अनावश्यक बातों को भूलने की बात कही।

इस मौके पर प्राचार्या ने कॉलेज परिवार की ओर से बीके हरगोबिंद को स्मृति चिह्न व एक पौधा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पर डॉ. दीपिका शर्मा, डॉ. नीलम गुप्ता, लक्ष्मी फुटेला सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

अमर उजाला 24/11/23

CS CamScanner

# वाहन चलाते समय बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सड़क सुरक्षा माह 2024 अभियान के अंतर्गत सीएमके नेशनल महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग के फाइन आर्ट्स क्लब तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर मेकिंग तथा जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली को प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हर जिम्मेदार नागरिक को करना चाहिए ताकि हम और हमारा समाज सभी सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र, टीवी में हर दिन सड़क दुर्घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। इसलिए सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी सिर्फ हमारी ही नहीं बल्कि अन्य लोगों की भी जान बचा सकती है। इस जागरूकता अभियान की संयोजिका डॉ. अनु कथूरिया व सहसंयोजिका डॉ. मंजू देवी ने भी मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी प्रदान की। छात्र-छात्राएं स्लोगन, नारे व पोस्टरों के माध्यम से जागरूक करते चल रहे थे।



सिरसा। जागरुकता रैली निकालते छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि 30/01/2024

# सीएमके में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक




पल पल न्यूज: सिरसा, 21 फरवरी। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व मॉप अप डे मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को अच्छे स्वास्थ्य के लाभों से अवगत करवाया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दिवस के महत्व और कृमि से होने वाले रोग जैसे खून की कमी, पेट दर्द, कुपोषण, थकावट आदि से अवगत करवाया और विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दवा लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा फरवरी 2015 में स्थापित राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत यह दिन भारत के 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 277 जिलों में मनाया जाता है। इस पहल का उद्देश्य 1 वर्ष से 19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मृदा-संचारित हेल्मिन्थ्स (एसटीएच) की व्यापकता से मुक्ति दिलाना है। इस मौके पर बबीता मल्होत्रा व रैडक्रॉस सोसायटी की संयोजिका डॉ. मन्जू देवी ने कृमि के कारणों और रोकथाम पर प्रकाश डाला और बताया कि नियमित हाथ की धुलाई न सिर्फकृमि बल्कि कई रोगों से मुक्ति दिला सकती है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों को निशुल्क दवा दी गई।

22/2/25

पल - पल 21/2/25

# सी.एम.के. के विद्यार्थियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



*आत्मरक्षा के गुर सीखते विद्यार्थी।*

सिरसा, 27 फरवरी(स.ह): सी.एम.के. नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सोमवार को प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर की अध्यक्षता में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई।

इस शिविर का महत्व बताते हुए प्राचार्या ने स्वयंसेवकों को संयम, अनुशासन तथा समय के सदुपयोग को समझने की बात कही। एन.एस.एस. के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन की दिशा निर्धारित होती है और विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. आरती बंसल और डॉ. मंजू देवी ने बताया कि शिविर में पहले दिन आई क्यू सुपर स्पैशलिटी अस्पताल सिरसा की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच की गई।

साथ ही विद्यार्थियों को आंखों की सुरक्षा संबंधी उपाय बताते हुए दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके अलावा विद्यार्थियों के आत्म विश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से शिविर में कराटे कोच सोमवीर द्वारा किक, पंचिंग आदि के माध्यम से सैल्फ डिफैंस का अभ्यास भी कराया गया।

पंजाब केसरी 28/2/24

CS CamScanner

# कॅरिअर वर्कशॉप में विद्यार्थियों को साक्षात्कार के बारे में दी जानकारी

कैंपस कॉलिंग




सीएमके नेशनल महाविद्यालय में में वर्कशाप लेते संयोजक। स्रोत: शिक्षण संस्थान

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** सीएमके नेशनल महाविद्यालय में कॅरिअर गाइडंस एवं प्लेसमेंट सेल ने वीरवार को साक्षात्कार की तैयारियों को लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने की। कॅरिअर गाइडंस एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजिका डॉ. अणु कथूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्कशॉप में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार से दीपक गर्ग, हिमानी खोखा, मनोज कुमार, सागर शर्मा ने मुख्य वक्ताओं के रूप में शिरकत की।

प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य युवाओं को बेहतर भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक कौशल प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है।

## इंटरव्यू के लिए जाते समय रिज्यूम, ड्रेसिंग स्टाइल, बॉडी लैंग्वेज प्रभावी होना जरूरी

उन्होंने कहा कि इससे उन्हें सकारात्मक सोच व प्रभावी संवाद कला के साथ चुनौतीपूर्ण व्यवसायिक परिवेश का सामना करने में मदद अवश्य मिलेगी। इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ताओं द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि इंटरव्यू के लिए जाते समय प्रभावी रिज्यूम, ड्रेसिंग स्टाइल, बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल्स पर फोकस करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन व मॉक इंटरव्यू की तैयारी भी कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की।

अमर उजाला 1/3/24

# इंटरव्यू की तैयारी के लिए वर्कशाप का आयोजन

सिरसा, 29 फरवरी(स.ह): सी.एम.के. नैशनल महाविद्यालय में करियर गाइडैंस एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर की अध्यक्षता में साक्षात्कार की तैयारी के लिए वर्कशाप का आयोजन किया गया। करियर गाइडंस एवं प्लेसमैंट सैल की संयोजिका डॉ. अणु कथूरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस वर्कशॉप में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार से मि. दीपक गर्ग, मिस हिमानी खोखा, मि. मनोज कुमार, मि. सागर शर्मा ने मुख्य वक्ताओं के रूप में शिरकत की।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य युवाओं को बेहतर भविष्य निर्माण हेतु आवश्यक कौशल प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। इससे उन्हें सकारात्मक सोच व प्रभावी संवाद कला के साथ चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक परिवेश का सामना करने में मदद अवश्य मिलेगी।

इस वर्कशॉप में मुख्य वक्ताओं द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया कि इंटरव्यू के लिए जाते समय प्रभावी रिज्यूम, ड्रैसिंग स्टाइल, बॉडी लैंग्वेज और कम्युनिकेशन स्किल्स पर फोकस करना बहुत जरूरी है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ग्रुप डिस्कशन व मॉक इंटरव्यू की तैयारी भी कराई गई।



वर्कशॉप में विद्यार्थियों को संबोधित करती प्राचार्या।

पंजाब केसरी 1/3/24

CamScanner

# सी.एम.के. कॉलेज में चल रहे 7 दिवसीय शिविर का समापन

सिरसा, 4 मार्च(स.ह): सी.एम.के. नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में 26 फरवरी से चल रहे 7 दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. रोहताश, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती बंसल और डॉ. मंजू देवी ने बताया कि इस 7 दिवसीय शिविर के समापन समारोह की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा मुख्यातिथि के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ हुई।

इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने एक ओर भारतीय परंपरा के प्रतीक लोक नृत्य, लोक गीत, रैम्प वॉक प्रस्तुति दी वहीं बैस्ट आऊट ऑफ वैस्ट प्रदर्शनी के साथ साथ पोस्टर मेकिंग; सिलाई कढ़ाई, पोट की सजावट, रंगोली व फैब्रिक पेंटिंग भी सिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि शिविर के छठे दिन सूरज प्रकाश द्वारा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सचेत करने के लिए साइबर क्राइम व साइबर हाइजीन के बारे में बताया गया।

वहीं मि. कमल द्वारा एच.आई.वी. एड्स की रोकथाम व नशा मुक्ति पर विस्तार से वार्ता की गई। इसके अलावा नेल आर्ट, मेहंदी जैसी हॉबी क्लास लगाई गई। डॉ. आरती बंसल और डॉ. मंजू देवी ने बताया कि स्वयंसेवकों को आध्यात्म व ध्यान से जोड़ने के लिए शिविर में नियमित रूप से योग व मेडिटेशन कराया तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए कराटे प्रशिक्षण दिया गया।

शिविर के दौरान प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा में सफाई अभियान भी चलाया गया, साथ ही एच.आई.वी. एड्स की रोकथाम का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. आरती बंसल ने व्यक्तित्व विकास एवं महिला सशक्तिकरण पर विस्तार वार्ता की और डॉ. मंजू देवी द्वारा युवाओं में संस्कारों की कमी के विषय में चर्चा की गई।

शिविर का समापन स्वयंसेवकों द्वारा राजस्थानी, हरियाणवी और दक्षिण भारतीय परम्परागत मूल्यों को दर्शाते हुए विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ।

पंजाब केसरी 5/3/24

CamScanner

# शिविर के अंतिम दिन साइबर क्राइम के बारे दी जानकारी




सिरसा। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के तत्वावधान में 26 फरवरी से चल रहे सात दिवसीय शिविर का रविवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रोहताश, एसोसिएट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा व महाविद्यालय प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ आरती बंसल और डॉ मंजू देवी ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य अतिथि के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ हुई। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने एक ओर भारतीय परंपरा के प्रतीक लोक नृत्य, लोक गीत, रैम्प वॉक प्रस्तुति दी वही बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी के साथ साथ पोस्टर मेकिंग, सिलाई कढ़ाई, पोट की सजावट, रंगोली व फैब्रिक पेंटिंग भी सिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि शिविर के छठे दिन सूरज प्रकाश द्वारा साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सचेत करने के लिए साइबर क्राइम व साइबर हाइजीन के बारे में बताया गया।

दैनिक भास्कर 5/3/24

CamScanner

# महिलाएं समाज की धुरी, राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका : रंजना




*समारोह में स्कूल प्रबंधन के साथ उपस्थित विद्यार्थी।*

सिरसा, 7 मार्च(स.ह): सी.एम.के. नैशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. आरती बंसल ने बताया कि इस आयोजन में विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए महिला सशक्तिकरण विषय को पोस्टर के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं और उनकी भूमिका राष्ट्र निर्माण में बहुत अहम है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी सशक्त महिलाओं का उदाहरण देते हुए सभी को आत्म निर्भर होने और जीवन में साहस व आत्मविश्वास के साथ बिना डरे सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही प्राचार्या ने महिलाओं को अपनी क्षमताओं को पहचान कर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उन्मुख होने की भी बात कही। डॉ. आरती बंसल ने भी छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में सफ़लता प्राप्त करने के लिए आत्म मूल्यांकन करते रहना बहुत ज़रूरी है। साहसिक बन कर मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को कुशलता के साथ पार किया जा सकता है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी 8/3/25

CamScanner

# भारतीय लोकतंत्र का जीवंत पहलू है संसद : रंजना



सिरसा में युवा संसद के प्रतिभागी स्टाफ सदस्यों के साथ • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, सिरसा : सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में युवा संसद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजनीतिक विज्ञान विभाग के सहयोग से आयोजित युवा संसद में प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर मुख्य अतिथि रही। नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नेहा कावंत ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

प्राचार्या डा. रंजना ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का जीवंत पहलू हमारी संसद है। उन्होंने कहा कि इस युवा संसद के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा देश की संसद में होने वाली गतिविधियां को हूबहू दिखाने का जो प्रयास किया गया है यह सराहनीय है। युवा संसद में उपस्थित मंत्रियों व सांसदों ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 बिल पर चर्चा की। इसमें सभापति की भूमिका छात्र हर्ष ने निभाई। बिल पेश होने के बाद संसद में मौजूद पक्ष व विपक्ष के सांसदों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। सांसद दीर्घा में मौजूद लोगों को भी प्रश्न पूछने का अवसर दिया गया।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र से रिसोर्स पर्सन के रूप में नेशनल यूथ अवार्डी बलदेव राज ने माय विकसित भारत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय से डा. रमा सर्राफ व अनीता सिंह ने भी रिसोर्स पर्सन के तौर पर क्रमशः विज़न @2047 तथा मन की बात विषयों पर पीपीटी के माध्यम से विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. सरोज गोयल, डा. सरबन, डा. रचना व नीलम कुमारी ने सहयोग किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से पवन कुमार, अनिल भी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 14/3/24

CS CamScanner

सीएमके में आयोजित तीन दिवसीय नाट्य उत्सव में नाटक मिट्टी दा बावा का मंचन

# धर्म और जातपात को भुलाकर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का दिया संदेश

भास्कर न्यूज़ | सिरसा

हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में जेसीडी रंगशाला एवं केएल थियेटर, प्रॉडक्शन्स के संयुक्त संयोजन में तीन दिवसीय नाट्य उत्सव आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन सप्तरंग आर्ट्स के कलाकारों द्वारा नाटक मिट्टी दा बावा का मंचन स्थानीय सीएमके कॉलेज, सिरसा के सभागार में किया गया।

जिसमें सीएमके कॉलेज सिरसा की प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सप्तरंग आर्ट्स के कलाकारों ने इस नाटक के माध्यम से सन 1947 में हुए बंटवारे के दर्द को बखूबी दिखाया गया। जो कि आज भी हिंदुस्तान से पाकिस्तान और पाकिस्तान से हिंदुस्तान आने वाले लोगों के दिलों में जिंदा है। विभाजन के उस दर्दनाक मंजर को भूल पाना संभव नहीं है। इसके साथ ही विभिन्न दृश्यों के माध्यम से धर्म और जातपात को भुलाकर आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इसी श्रृंखला में दूसरे दिन राजकीय नेशनल महाविद्यालय के सभागार में सात्विक आर्ट्स के कलाकारों द्वारा नाटक रबड़ी का मंचन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त विवेक भारती रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय नेशनल महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. संदीप गोयल ने की। नाटक के माध्यम से सात्विक आर्ट्स के कलाकारों ने बहुत शानदार तरीके से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस नाटय उत्सव के अंतिम दिन केएल थियेटर प्रॉडक्शन्स के कलाकारों द्वारा नाटक दो वचन का मंचन जेसीडी विद्यापीठ के डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया।

इस नाट्य उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर हरियाणा कला परिषद, कुरुक्षेत्र के निदेशक नगेन्द्र शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और जेसीडी विद्यापीठ, सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींढसा ने बतौर अध्यक्ष इस समापन समारोह की अध्यक्षता की।

दैनिक भास्कर 16/3/24

CamScanner

# एनसीसी का उद्देश्य व्यक्तित्व का विकास करना : कर्नल



सीएमके कालेज में कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे को सम्मानित करतीं प्राचार्य व अन्य • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता, सिरसा :** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तृतीय हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे ने एनसीसी इकाई का निरीक्षण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे, महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद बंसल, महासचिव सुरेश गोयल, प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर व सीटीओ डा. रमा सर्राफ ने किया।

कमांडिंग आफिसर कर्नल पांडे ने बटालियन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों, व्यवस्थित संचालन और उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की । उन्होंने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य व्यक्तित्व, साहसिक भावना व धर्म निरपेक्ष मानसिकता का विकास करना है। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्य, अनुशासन, आत्म विश्वास, आत्म निरीक्षण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कैडेट्स को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें रक्षा बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों के प्रदर्शन को शानदार बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया तथा राष्ट्र निर्माण में एन सी सी के इतिहास, महत्त्व व योगदान के बारे में बताया। अरविंद बंसल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया, साथ ही कैडेट्स को अपने लक्ष्य तक पहुंचने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहने की बात की। कार्यक्रम में कैडेट्स ने कविता व बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते नाटक की प्रस्तुति दी।

दैनिक जागरण 19/3/24

# उन्नत भू स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर संभावनाओं पर हुआ सेमिनार



सिरसा (समरघोष)। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइफोमैटिक, रोहतक के सहयोग से इंटर कॉलेज सेमिनार हुआ। उन्नत भू स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर संभावनाएं विषय पर आयोजित इस सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपना ज्ञानवर्धन किया। संगोष्ठी की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर, स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइफोमैटिक से डॉ. रविंद्र नाथ तिवारी व चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा, राजकीय नैशनल महाविद्यालय सिरसा और शाह सतनाम गर्ल्स व बॉयज कॉलेज सिरसा से उपस्थित प्राध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियाँ एक शब्द है जिसका उपयोग पृथ्वी और मानव समाज के भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण में योगदान देने वाले आधुनिक उपकरणों की श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। एक समय कागज के नक्शे भू-स्थानिक और भौगोलिक जानकारी का मुख्य स्रोत थे। फिर टेक्नोलॉजी समाज के हर हिस्से पर हावी होने लगी। अब हमारे पास भू-स्थानिक जानकारी और डेटा है। रिमोट सेंसिंग, जीपीएस सहित विभिन्न प्रकार की प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रहे है और सैन्य ड्रोन गतिविधियों तक, कई अलग-अलग चीजों के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाता है। सेमिनार में की-नोट स्पीकर डॉ. रविंद्र नाथ तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इस प्रौद्योगिकी के बारे में ज्यादातर लोगों को पता नहीं है। उन्होंने बताया कि आजकल मैपिंग व सर्वे के लिए इसी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाता है। रिमोट सेंसिंग ग्रेस, ड्रोन, रडार सहित सात ऐसी प्रौद्योगिकी है जिनसे मैपिंग और सर्वे का काम किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीपीआर सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया और यह भी समझाया कि यह सिस्टम कैसे काम करता है। इस क्षेत्र की जानकारी रखने वाले विद्यार्थी आसानी से जॉब पा सकते हैं। कॉलेज की भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष स्नेहा तुरकिया ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्काईलाइन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोइफोमैटिक्स की ओर से स्मृति चिह्न तथा स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस मौके पर स्काईलाइन एकेडमिक के जूनियर मैनेजर मिस्टर अजय पूनियां भी मौजूद रहे। जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. दीपिका शर्मा ने मंच संचालन किया।


समरघोष 21/3/24

CamScanner

# समाज के हर हिस्से पर हावी होने लगी टेक्नोलाजी : डा. रंजना

जागरण संवाददाता, सिरसा : सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा स्काईलाइन इंस्टीट्यूट आफ जियोइफोमैटिक रोहतक के सहयोग से इंटर कालेज सेमिनार का आयोजन किया गया। 'उन्नत भू स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर संभावनाएं' विषय पर आयोजित इस सेमिनार में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपना ज्ञानवर्धन किया।

संगोष्ठी की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर रंजना ग्रोवर, स्काईलाइन इंस्टीट्यूट आफ जियोइफोमैटिक से डा रविंद्र नाथ तिवारी व चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा, राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा और शाह सतनाम गर्ल्स व ब्वायज कालेज सिरसा से उपस्थित प्राध्यापकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कालेज प्राचार्या डाक्टर रंजना ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी एक शब्द है जिसका उपयोग पृथ्वी और मानव समाज के भौगोलिक मानचित्रण और विश्लेषण में योगदान देने वाले आधुनिक उपकरणों की श्रृंखला का वर्णन करने के लिए किया जाता है। एक समय कागज के नक्शे भू-स्थानिक और भौगोलिक जानकारी के मुख्य स्रोत थे।



सीएमके कालेज में करियर संभावना विषय पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेती छात्राएं ● विज्ञप्ति

## रिमोट सेंसिंग व जीपीएस तकनीक का कर रहे उपयोग

उन्होंने कहा कि अब हमारे पास भू-स्थानिक जानकारी और डेटा है। रिमोट सेंसिंग, जीपीएस सहित विभिन्न प्रकार की प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे हैं और सैन्य ड्रोन गतिविधियों तक, कई अलग-अलग चीजों के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाता है। सेमिनार में की- नोट स्पीकर डा रविंद्र नाथ तिवारी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में करियर की अपार संभावनाएं हैं, क्योंकि इस प्रौद्योगिकी के बारे में ज्यादातर लोगों को पता नहीं है। कालेज की भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष स्नेहा तुरकिया ने बताया कि विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षा डा. दीपिका शर्मा, कालेज प्राध्यापिका नीलम गुप्ता उपस्थित थे।

दैनिक जागरण २२|३|२४

CamScanner

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों को मतदान की दिलवाई शपथ




*महाविद्यालय में सैल्फी पॉइंट पर एकत्रित विद्यार्थी।*

सिरसा, 5 अप्रैल (स.ह.): सी.एम.केपी.जी. नैशनल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. रंजना ग्रोवर की अध्यक्षता व चुनावी क्लब प्रभारी डॉ. सरोज गोयल की देखरेख में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए महाविद्यालय में सैल्फी पॉइंट का आयोजन किया गया जहां पर छात्रों ने अपनी सैल्फी ली।

इसी के साथ छात्रों को मतदान की शपथ दिलवाई गई। डॉ. रंजना ग्रोवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या किसी भी अन्य प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

हम सभी अपने मत के महत्व को समझें और ज्यादा से ज्यादा मतदान करें ताकि एक अच्छी सरकार का निर्माण किया जा सके। डॉ. सरोज गोयल ने कहा कि लोकतंत्र सरकार सबसे अच्छी सरकार होती है।

एक अच्छी सरकार बनाने के लिए हम सभी के मत का प्रयोग करना बहुत जरूरी है ताकि एक स्वतंत्र व निष्पक्ष सरकार का चुनाव हो सके जिसमें सभी नागरिकों के अधिकार व स्वतंत्रता सुरक्षित रह सके।


इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रवण कंबोज, नीलम रानी एवं अनीता कटिहार भी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी 6/4/24

CamScanner

# हेल्पलाइन नंबर 1097 एड्स की रोकथाम के बारे में लोगों को कर रही जागरूक

- सीएमके कालेज में रेड रिबन क्लब की तरफ से जागरूकता कार्यक्रम
- रक्त लेने या देने में महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी बताया




एचआइवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सीएमके कालेज के विद्यार्थी • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, सिरसा : सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को रेड रिबन क्लब द्वारा साप्ताहिक विश्व स्वास्थ्य दिवस के तहत एचआइवी एड्स से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डा. रंजना ग्रोवर ने कहा कि 1097 राष्ट्रीय हेल्पलाइन एचआइवी एड्स की रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करने और लोगों को शिक्षित करने में योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में सतर्कता एवं सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को एचआइवी एड्स से जुड़ी भ्रांतियों से दूर रहकर एड्स पीड़ितों से भेदभाव भरा व्यवहार न करने की अपील की। साथ ही रक्तदान के तरीके, आवश्यकता, रक्त लेने या देने में बरतने वाली महत्वपूर्ण सावधानियों के बारे में भी बताया।

**एनएसीओ एड्स एप तथ्यों से करती है अपडेट : डा. मंजू**

रेड रिबन क्लब की संयोजिका डा. मंजू देवी ने बताया कि जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। इन गतिविधियों में एड्स हेल्पलाइन नंबर 1097 व एनएसीओ एड्स एप के बारे में बताया गया कि यह एप ऐसी सुविधाओं से युक्त है। जो आपको बताती है कि क्या आप एचआइवी के खतरे में हैं। इतना ही नहीं, यह आपको एचआइवी से जुड़े मिथकों और तथ्यों के बारे में अपडेट रहने में मदद करती है। जो लोग पहले से ही अपनी एचआइवी स्थिति के बारे में जानते हैं, उनके लिए एनएसीओ एड्स एप आपको निकटतम एचआइवी केंद्रों, ब्लड बैंकों, आइसीटीसी केंद्रों से जुड़ने में मदद करता है। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक स्नेहलता, डा. पायल व काजल मौजूद रहे।

दैनिक जागरण 9/5/24

CS CamScanner

# ऑनलाइन वेबिनार में बताया भोजन, धरती और स्वास्थ्य का महत्व

सिरसा। सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय और वीगन आउटरीच संस्था के वेबिनार में भोजन के पर्यावरण, स्वास्थ्य और पशु-पक्षियों से संबंध बताया गया। व्यावसायिक पशुपालन के वजह से मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु-पक्षियों को हो रहे नुकसान को रोकने के उपाय बताए गए। वीगन आउटरीच संस्था से अभिषेक दुबे ने भोजन का पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और प्राणियों पर पड़ने वाला प्रभाव बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रंजना ग्रोवर ने व्यावसायिक पशुपालन की वजह से मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु-पक्षियों को हो रहे नुकसान बताए। इन्हें रोकने के लिए पौधों पर आधारित वीगन जीवनशैली अपनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि इससे अपनी जरूरत के सारे पोषक पदार्थ प्राप्त करके ज्यादा स्वस्थ रहा जा सकता है। इससे जलवायु परिवर्तन, प्रजातियों के विलुप्तीकरण, जंगलों की कटाई, भुखमरी आदि समस्याओं को कम किया जा सकता है।

वक्ताओं ने कहा कि पशु उत्पादों का इस्तेमाल कम कर पौध-आधारित भोजन करने की कोशिश करनी चाहिए। संयोजक डॉ. आरती बंसल ने बताया कि इस वेबिनार में 100 से अधिक विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। संवाद

अमर उजाला 27/4/24

CamScanner